# धमोरा से निकला खेती का नया फार्मूला

## प्राकृतिक खेती और सह-फसल मॉडल बनेगा किसानों की नई ताकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के सचिव जगदीश कुमार का कृषि विज्ञान केंद्र, धमोरा दौरा खेती के भविष्य की नई दिशा तय करने वाला साबित हुआ। उन्होंने वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों को सुझाव देते हुए कहा कि अब खेती का फोकस केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने, मिट्टी की सेहत सुधारने और कम लागत वाली टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने पर भी बराबर ध्यान देना होगा।

धमोरा केंद्र में वर्ष 2022 से चल रहे प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और परंपरागत खेती के परीक्षणों का निरीक्षण करते हुए सचिव ने कहा कि किसानों को खेती का केवल उत्पादन नहीं, बल्कि उसका पूरा आर्थिक मॉडल समझाना जरूरी है। उन्होंने इन परीक्षणों का सामाजिक



एवं आर्थिक विश्लेषण कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को व्यवहारिक और लाभकारी खेती का मॉडल उपलब्ध हो सके।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध खेती की असली नींव है। इसी क्रम में ऑर्गेनिक कार्बन की जांच को बेहद जरूरी बताते हुए वैज्ञानिकों को मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के दौरान गन्ने के साथ उर्द, मूंग, लोबिया, भिंडी और मक्का जैसी सह-फसलों की बेहतर स्थिति देखकर सचिव ने इसे "खेती की नई क्रांति" बताया। उन्होंने कहा कि एक खेत में कई फसलें लेने का मॉडल किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ जोखिम भी कम करेगा।

जगदीश कुमार ने ढैंचा जैसी हरी खाद को बढ़ावा देने की बात कही और रसायन आधारित खेती के बजाय प्राकृतिक संतुलन आधारित खेती अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान की तुलना में मक्का किसानों के लिए अधिक लाभकारी विकल्प बन सकता है। मक्का के सुरक्षित भंडारण और नमी नियंत्रण पर भी उन्होंने विशेष ध्यान देने की सलाह दी। इस दौरान धान की सीधी बुवाई तकनीक, उन्नत बीजों और आधुनिक कृषि तकनीकों पर भी चर्चा हुई। भ्रमण के समय उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, डॉ. मयंक कुमार राय, डॉ. सुनीता पंत, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. अनुज बंसल सहित कई वैज्ञानिक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# शाहबाद में आंधी-तूफान का कहर, पेड़ गिरने से गाय की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र में सोमवार देर शाम आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिर गए और बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। थाना क्षेत्र के ग्राम रमपुरा में एक दर्दनाक हादसे में पाखड़ का विशाल पेड़ गिरने से उसके नीचे दबकर एक गौ माता की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी तेजपाल के घर के पास वर्षों पुराना पाखड़ का पेड़ खड़ा था। अचानक तेज आंधी और बारिश के चलते पेड़ जड़ से उखड़कर गिर पड़ा। उसी समय वहां खड़ी गौ माता उसकी चपेट में आ गई। पेड़ गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गौ माता को बचाने का प्रयास किया, लेकिन पेड़ अत्यधिक भारी होने के कारण उसे समय पर हटाया नहीं जा सका।

घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर पशु



चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पुराने और जर्जर पेड़ों की जांच कराने की मांग की है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम में सतर्क रहने की अपील की है।

# दो पक्षों में झगड़ा मुकदमा पंजीकृत पुलिस कार्यवाही में जुटी

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र ग्राम जयडौली में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद मारपीट और घर में घुसकर उत्पात मचाने के आरोपों को लेकर मामला तूल पकड़ गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना शाहबाद में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक पक्ष की ओर से ग्राम जयडौली निवासी राजू सिंह पुत्र गिरन्द सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार की शाम करीब 6 बजे गांव के ही अरुण, सोन्टी, रनवीर, अजीत, शिव कुमार तथा करतार सहित अन्य लोगों ने उनकी बहन प्रीति, मां ईश्वरवती और मौसी वीरवती के साथ मारपीट की तथा महिलाओं के साथ अभद्रता की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि महिलाओं को घर से बाहर निकालकर बेइज्जत किया गया और पूरे परिवार को धमकाया गया। तहरीर में यह भी कहा गया है कि आरोपी गांव में दबंगई करते हैं और पहले भी लोगों के साथ मारपीट की घटनाएं कर चुके हैं। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से पिंकी पत्नी करतार सिंह ने थाना शाहबाद में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसी दिन शाम करीब 7 बजे राजू सिंह उनके घर में घुस आया और मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए। महिला का आरा. ेप है कि आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा फरसे से हमला करने का प्रयास किया। इसके बाद पुरुषोत्तम और राजेश पर भी घर में घुसकर तोड़फोड़ करने, बच्चों के साथ मारपीट करने और लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। थाना शाहबाद पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त हो गई हैं और मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग को भगाने का आरोपी दबोचा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** मंगलवार को नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को सैफनी पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को दनियापुर-सैफनी मार्ग स्थित एक अमरूद के बाग के पास से दबोचा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।पुलिस के अनुसार 26 अप्रैल 2026 को एक व्यक्ति ने थाना सैफनी में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को बदायूं जनपद के दातागंज थाना क्षेत्र के ग्राम गदरौली निवासी सत्यवीर पुत्र दिवारी बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। मामले में थाना सैफनी पर मु0अ0सं0 0082/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया था।विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 65(1) बीएनएस तथा 3/4(2) पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी भी की गई। इसके बाद से आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना सैफनी पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

# पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली मिलक पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त रहमत अली पुत्र गामा निवासी ग्राम गंगापुर थाना मिलक को उसके घर से गिरफ्तार किया। अभियुक्त वाद संख्या 895/10 धारा 7/16 पीएफ एक्ट से संबंधित मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम रामपुर न्यायालय में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त को संबंधित न्यायालय रामपुर में पेश किया।

# उधार के रुपये मांगने पर कारोबारी को मिली जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** उधार दिए गए रुपये वापस मांगना एक बुजुर्ग कारोबारी को भारी पड़ गया। आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपी पक्ष ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। तहसील स्वार के मोहल्ला काशीपुर निवासी यामीन पुत्र नजाकत ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मानपुर उत्तरी में प्लास्टिक और गल्ले का कारोबार करते हैं। उनकी जान-पहचान बिजारखाता निवासी जमील अहमद से थी। करीब पांच वर्ष पहले जमील अहमद ने उनसे परेशानी बताकर 25 हजार रुपये उधार लिए थे। पीड़ित के अनुसार कई वर्ष बीतने के बाद जब उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी पक्ष भड़क गया। आरोप है कि मंगलवार सुबह करीब आठ बजे जमील अहमद उनकी दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए



हंगामा करने लगा। घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद होने की बात कही गई है।

आरोप है कि कुछ देर बाद जमील अहमद का पुत्र सकलेन भी मौके पर पहुंच गया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पक्ष फोन पर भी लगातार धमका रहा है और झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कह रहा है। यामीन ने बताया कि वह उम्रदराज हैं और रोजाना मानपुर उत्तरी से स्वार अपने घर आते-जाते हैं। लगातार मिल रही धमकियों से वह और उनका परिवार दहशत में है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# शाहाबाद नगर पंचायत में बोर्ड बैठक बुलाने की मांग, मनीष शर्मा ने अध्यक्ष को लिखा पत्र

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद।** नगर पंचायत शाहाबाद में लंबे समय से बोर्ड बैठक आयोजित न होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसको लेकर समाजसेवी मनीष शर्मा ने नगर पंचायत अध्यक्ष महोदया को पत्र लिखकर शीघ्र बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं विकास कार्यों को गति देने के लिए बोर्ड बैठक का होना अत्यंत आवश्यक है। मनीष शर्मा ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें, सड़क निर्माण एवं मरम्मत जैसे कई महत्वपूर्ण



कार्य लंबित पड़े हुए हैं। इसके अलावा बरसात का मौसम नजदीक होने के कारण नालियों की सफाई और जलभराव की समस्या को लेकर भी समय रहते ठोस निर्णय लिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक न होने के कारण कई विकास प्रस्तावों पर चर्चा नहीं हो पा रही है, जिससे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रति. निधियों एवं अधिकारियों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करना आवश्यक है। मनीष शर्मा ने अध्यक्ष महोदया से अनुरोध किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द नगर पंचायत बोर्ड की बैठक आहूत की जाए, ताकि विकास संबंधी प्रस्तावों पर नियमानुसार चर्चा कर निर्णय लिया जा सके और नगर के विकास कार्यों को गति मिल सके। नगर क्षेत्र के लोगों का भी मानना है कि नियमित बोर्ड बैठक होने से विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी तथा जनता की समस्याओं का समय पर समाधान संभव हो सकेगा।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**सुमित कश्यप**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे एनबीडब्ल्यू वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना शाहबाद पुलिस को सफलता प्राप्त हुई। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकी नन्दन के नेतृत्व में थाना शाहबाद पुलिस ने मंगलवार को दो अभियुक्तों को अलग-अलग प्रकरणों में शांति भंग की आशंका के चलते गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में गोपी सिंह पुत्र धूम सिंह उम्र करीब 36 वर्ष निवासी बरखेड़ा थाना शाहबाद जनपद रामपुर तथा अब्दुल रहमान पुत्र सदासत खां उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मोहल्ला नालापार कस्बा एवं थाना शाहबाद जनपद रामपुर शामिल हैं। दोनों अभियुक्तों को धारा 170/126/135 बी.एन.एस.एस. के अंतर्गत नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों को समय से संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राम बाबू, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल चन्द्रसैन गोला तथा कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे।

# कारीगरों के सपनों को मिलेगा आकार, माटीकला प्रशिक्षण से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पारंपरिक माटीकला को बढ़ावा देने और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उ०प्र० माटीकला बोर्ड द्वारा 15 दिवसीय विशेष शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कुम्हार एवं पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और विपणन की जानकारी दी जाएगी। इससे मिट्टी से बने उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार होगा और बाजार में उनकी मांग बढ़ेगी।



उन्होंने बताया कि जनपद को 15 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य मिला है। इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई 2026 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बी-06 मुरारी लाल का बाग, रामपुर में आवेदन कर सकते हैं। योजना में आर्थिक रूप से कमजोर प्रजापति समाज, अत्यंत पिछड़े वर्ग एवं बीपीएल परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदनकर्ता की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है।

# तेज आंधी-बारिश का कहर, कई जगह गिरे पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** मंगलवार को अचानक वदले मौसम से मिलक क्षेत्र में तेज आंधी के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने जमकर कहर बरपाया। सुवह को दस वजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। आंधी इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ व बिजली के खंभे गिर गए, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज आई आंधी में मिलक-बिलासपुर रोड, खाता नगरिया, शाहूजीनगर और तहसील क्षेत्र में कई पेड़ धराशायी हो गए। कई जगह टिनशेड और होर्डिंग भी उड़ गए। पेड़ गिरने से कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा। तेज हवा के कारण बिजली के तार टूटने से कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। नगर पालिका की टीम ने तुरंत पेड़ हटाने का काम शुरू किया। बारिश से पहले तापमान 35 ब था, जो बारिश के बाद 31 ब पर आ गया। मौसम विभाग के अलर्ट के बाद वदले मौसम को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि आंधी के कारण घरों में धूल भर गई और लोगों को परेशानी हुई। हालांकि बारिश से गर्मी से राहत मिली है। फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है। प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

# शिवनगर लौहारी में बिजली लाइन हटाने का आरोप, ग्राम प्रधान ने की कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** तहसील स्वार के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवनगर लौहारी व लोहर्रा इनायतगंज में बिजली व्यवस्था को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान मौ० आदिल ने बिजली विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि महाराजपुर फीडर से जुड़ी गांव की एबीसी लाइन को बिना सूचना हटाकर अन्य स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम प्रधान के अनुसार, गांव में लगी लगभग 10 से 12 खंभों की एबीसी केबल को लाइनमैन साजिद अली और राशिद अली द्वारा मिलकर उतार लिया गया। इस घटना की जानकारी उन्हें ग्रामीणों से मिली। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर पाया गया कि संबंधित केबल पूरी तरह से गायब है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा इस घटना की वीडियो क्लिप भी बनाई गई है, जिसमें दोनों आरोपित लाइनमैन केबल उतारते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। ग्राम प्रधान का कहना है कि उक्त केबल ही गांव की एकमात्र बिजली लाइन थी, जिसके हटने से पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है।

इस मामले में ग्राम प्रधान ने अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग रामपुर से मांग की है कि आरोपित लाइनमैन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही गांव की बिजली आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल कराने की अपील की गई है। ग्रामीणों ने भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# सैफनी में खड़ी बाईक को अज्ञात चोरों ने उड़ाई बाईक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर मोहल्ला गोसिया निवासी शाहिद पुत्र शकील अहमद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि प्रार्थी दिनांक 14 अप्रैल को समय लगभग शाम 7:30 बजे अपनी बाईक जिसका नंबर यूपी 22 ए डी 2520 से नगर में स्थित फ्लोरा मैरिज हॉल मुस्तफा मस्जिद के पास गया था तब प्रार्थी अपनी बाईक मैरिज हॉल के बाहर खड़ी कर अन्दर खाना खाने चला गया जब प्रार्थी खाना खाकर आया तो देखा कि मेरी बाईक बहा पर नहीं दिखी जिसकी आस पास बाईक की जानकारी ली और काफी तलाशा लेकिन बाइक का कुछ पता न चला तब थक हारकर प्रार्थी ने अज्ञात चोरों के नाम बाईक चोरी की तहरीर थाने में देकर बाइक बरामद की लगाई गुहार वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाईक चोरी होने का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस।

# नीलावेणी कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** थाना शाहजादनगर क्षेत्र स्थित बरेली हाईवे पर संचालित नीलावेणी कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के संघर्ष और चिकित्सा क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

कार्यक्रम के दौरान फ्लोरेंस नाइटिंगेल के बताए आदर्शों पर चलने और मानव सेवा को सर्वोपरि मानने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि सेवा और समर्पण का माध्यम है। छात्र-छात्राओं को समाज सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने नाटक मंचन के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में जागरूकता फैलाने और मरीजों की सेवा के महत्व को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और समाज में चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती हिना गुप्ता, संग्राम सिंह राना, विनय कुमार तिवारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# नाला साफ हुआ, लेकिन सड़क हुई गंदगी में तब्दील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** छितौनी मार्ग पर चल रही नाले की सफाई लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बन गई है। नाले से निकाली गई गंदगी कई दिनों से सड़क किनारे पड़ी सड़ रही है, जिससे पूरे इलाके में बदबू और धूल का गुबार फैल रहा है। दुकानदारों और राहगीरों ने सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले तीन दिनों से नाले की सफाई चल रही है। सफाईकर्मी नाले से निकला कीचड़ सड़क पर डाल रहे हैं, लेकिन उसे हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। इससे वाहनों के पहियों से कीचड़ पूरे मार्ग पर फैल रहा है। धूप निकलने के बाद यही कीचड़ सूखकर धूल में बदल गया, जिससे दुकानदारों को दुकान पर बैठना मुश्किल हो रहा है। मंगलवार सुबह हुई बारिश ने समस्या को और बढ़ा दिया। सड़क पर पड़ी गंदगी पानी के साथ बहकर दोबारा नाले में पहुंच गई, जिससे लोगों ने सफाई अभियान की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द गंदगी नहीं हटाई गई तो संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। राहगीरों ने बताया कि सड़क पर फैली फिसलन और बदबू के कारण आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल सड़क किनारे पड़ी गंदगी हटवाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम साईदा बी उर्फ यास्मीन बेगम (Yasmin begam) था अब मैंने बदलकर यास्मीन बेगम (YASMIN BEGAM D/O MOHD ASLAM W/O MUHAMMAD SHAHID)नि. पक्का पुल घेर बक्शी तहसील सदर जिला रामपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में विज्ञापन और समाचार के लिए सम्पर्क करें। कार्यालय निकट जिला कचहरी कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर।

इमरान हुसैन
ब्यूरो चीफ रामपुर
सम्पर्क सूत्र
9720093014
7906773314

आवश्यक्ता है जनपद के केमरी, बिलासपुर, दढ़ियाल, नरपतनगर में संवाददाताओं की इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क कर सकते हैं।
9720093014
7906773314

# मुरादाबाद मंडल में गोवंश संरक्षण की बड़ी छलांग, 65 हजार से अधिक पशुओं को मिला सहारा

■ रामपुर ने गौ आश्रय स्थलों के गोबर से कमाए 6.17 लाख रुपये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुरादाबाद मंडल में बेसहारा और निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की दिशा में प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। आयुक्त आं. जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में सामने आए आंकड़ों के अनुसार मंडल के 218 गो आश्रय स्थलों में कुल 65,113 गोवंशों को सुरक्षित आश्रय दिया गया है।

मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत मंडल ने निर्धारित 4125 लक्ष्य के मुकाबले 7703 गोवंशों की सुपुर्दगी कर 186.76 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। प्रशासनिक प्रयासों का ही परिणाम है कि अब पूरे मंडल में केवल 684 निराश्रित गोवंश ही ऐसे बचे हैं, जिन्हें



आश्रय स्थलों तक पहुंचाया जाना बाकी है।

संभल जिला गोवंश संरक्षण में सबसे आगे रहा, जहां 27,768 गोवंश संरक्षित किए गए। बिजनौर में 14,658, मुरादाबाद में 10,781, अमरोहा में 8,647 और रामपुर में 3,259 गोवंशों को आश्रय मिला है।

गोवंशों के भरण-पोषण के लिए मंडल में 5.36 लाख कुंतल भूसा संग्रहण के लक्ष्य के सापेक्ष 4.24 लाख कुंतल भूसा एकत्र किया जा चुका है। हरे चारे की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 372 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर चारा उत्पादन कराया जा रहा है तथा नेपियर घास की रूट व स्लिप भी वितरित की गई हैं।गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी प्रयास तेज हैं। रामपुर, अमरोहा और मुरादाबाद में गोबर गैस प्लांट संचालित हो रहे हैं। रामपुर के किरा गो आश्रय स्थल में गोबर गैस प्लांट से 15 केवी जनरेटर चलाया जा रहा है। गोबर और अन्य उत्पादों की बिक्री से रामपुर ने सर्वाधिक 6.17 लाख रुपये की आय अर्जित की है।

गर्मी से बचाव के लिए गो आश्रय स्थलों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। टाट और बोरों पर पानी का छिड़काव कर तापमान नियंत्रित किया जा रहा है, जबकि 216 में से 210 गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

# भाकियू अंबावता ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के युवा जिला उपाध्यक्ष अरशद अली के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में किसानों को पूर्व की भांति यूरिया खाद उपलब्ध कराने और यूरिया खाद के साथ जबरन दवाई की शीशी दिए जाने पर रोक लगाने की मांग की गई। इसके साथ ही प्राइवेट अस्पतालों और प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूले जाने का विरोध करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गई। संगठन ने छोटे किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने की भी मांग की।

युवा जिला उपाध्यक्ष अरशद अली एडवोकेट ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण गरीब, मजदूर और छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। महंगी दवाइयों, शिक्षा और बिजली बिलों ने आम लोगों का जीवन प्रभावित कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या करने को मजबूर न हो। ज्ञापन देने वालों में बिलाल खान, शाहरुख मियां खान, फैजान मियां, बंटी, शकील अहमद, अजीज खान, राम सिंह, आशुतोष, मुरारी लाल, विनय कुमार और अरविंद कुमार समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महिलाओं का सपा सांसद के कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित न होने दिए जाने के विरोध में स्वार विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने दूसरे दिन भी जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने रामपुर स्थित मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी के आवास का घेराव कर नारी सम्मान, महिला अधिकारों और महिला सशक्तिकरण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी और सम्मान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इसका विरोध महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी के समान है। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी सुभाष भटनागर और सह प्रभारी दिलीप अरोड़ा ने कहा कि यह मुद्दा देश की आधी आबादी की आवाज से जुड़ा हुआ है और भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। ब्लॉक प्रमुख हरीवाला ने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हो चुकी हैं और महिला आरक्षण व सम्मान के मुद्दे पर राजनीति करने वालों को कभी माफ नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर पारुल अग्रवाल, श्वेता शर्मा, अमृता रंधावा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और मातृशक्ति मौजूद रही। इस अवसर पर नारी शक्ति वंदन अभियान की जिला संयोजक पारुल अग्रवाल, सह




संयोजक श्वेता शर्मा, स्वार विधानसभा की संयोजक एवं भाजपा जिला मंत्री अमृता रंधावा, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री शकुंतला लोधी, डॉली रंधावा, हेमलता मौर्य, पूनम मौर्य, केसर मौर्य, पूजा शर्मा, मनु सक्सेना, मसवासी की नामित सभासद रामबाला, सुमन देवी, आशा देवी, पूनम देवी, हिरद. ेश्वती, जमुना देवी, पूनम सैनी, शकुंतला सैनी, रामदेव सैनी एवं वंदना शर्मा उपस्थित रहीं। विधानसभा संयोजक पवन कुमार, सहसंयोजक पंकज सैनी, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर, राजेश शर्मा, गौरव शर्मा, विजेंद्र सैनी, राणा, महामंत्री अमित सक्सेना एवं भाजपा के पूर्व जिला मंत्री महेंद्र सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

# रामपुर में 63 अधिवक्ताओं की सदस्यता बहाल, बार एसोसिएशन कार्यालय में मनाया जश्न

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बार एसोसिएशन कमेटी द्वारा 24 मार्च 2026 को 63 अधिवक्ताओं की सदस्यता निरस्त किए जाने के मामले में अब बड़ा फैसला सामने आया है। प्रभावित अधिवक्ताओं द्वारा मामले को लेकर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से सदस्यता बहाली की गुहार लगाई गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए बार काउंसिल की कमेटी ने 12 मई 2026 को सभी 63 अधिवक्ताओं की सदस्यता बहाल करने का आद. ेश पारित कर दिया। सदस्यता बहाल होने की सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। मंगलवार को समस्त अधिवक्ता बार एसोसिएशन कार्यालय पर एकत्र हुए, जहां उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान मिष्ठान वितरण भी किया गया तथा अधिवक्ताओं ने फैसले का स्वागत करते हुए इसे न्याय की जीत बताया। अधिवक्ताओं ने कहा



कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा विश्वास था और आखिरकार सत्य की जीत हुई। सदस्यता बहाल होने से अधिवक्ताओं में नया उत्साह देखने को मिला। इस दौरान एड. अवुल हसन, एड.सैय्यद तलत मियां, एड.मकदूम अली, एड. फहीम, एड.दिलशाद हसन सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# रातभर चला ताबड़तोड़ अभियान, मॉडिफाइड साइलेंसर और ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्रवाई

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। डीएम अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में परिवहन विभाग की टीमों ने देर रात से सुबह तक सघन चेकिंग अभियान चलाकर मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने थाना टांडा क्षेत्र में एक बुलेट मोटरसाइकिल में मॉडिफाइड साइलेंसर पाए जाने पर वाहन को सीज कर दिया। वहीं तीन अन्य वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे मिलने पर उनके खिलाफ भी सीज की कार्रवाई की गई। इसके अलावा शाहाबाद मंडी क्षेत्र में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक विशेष रात्रिकालीन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के



दौरान 6 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया, जिन्हें तत्काल सीज कर दिया गया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर 2 बसों का चालान भी किया गया। पूरे अभियान में कुल 3.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्रशासन द्वारा जनपद के सभी चेक पॉइंट्स पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और संदिग्ध वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा सवार पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** मिलक-बिलासपुर रोड पर मंगलवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब चार बजे नेमचंद निवासी ग्राम खमरिया, शिवांश निवासी रठौड़ा, रेखा निवासी ऐमी, यशपाल निवासी सिगरा सहित पांच लोग ई-रिक्शा से मिलक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान खातानगरिया पुल के पास पीछे से तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद राहगीरों ने ई-रिक्शा में फंसे लोगों को बाहर निकालकर घायलों को सीएचसी मिलक पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

वहीं दूसरी ओर धर्मपुरा जीरो प्वाइंट पर बाइक सवार दो भाइयों को भी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गुलफाम और उसका भाई उस्मान पुत्र नवाब जान निवासी ग्राम मुंशीगंज थाना स्वार घायल हो गए। दोनों बरेली से अपने गांव लौट रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें 108 एंबुलेंस द्वारा सीएचसी मिलक लाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल उस्मान को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया गया।

# विकास भारती स्कूल में पुस्तक मेले का आयोजन, विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के विकास भारती स्कूल में 11 और 12 मई को दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना और पढ़ने की आदत विक. सित करना रहा। मंगलवार को आयोजित पुस्तक मेले में विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक, साहित्यिक और बाल पुस्तकों का आकर्षक संग्रह प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मेले का अवलोकन किया और अपनी पसंद की पुस्तकों की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह एवं प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के



लिए पढ़ने की आदत बेहद आवश्यक है और विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकें पढ़नी चाहिए। दो दिनों तक चले इस पुस्तक मेले में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों और शिक्षकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यालय प्रबंधन ने आयोजन को विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

# रामपुर रजा पुस्तकालय में मां सरस्वती व नटराज की प्रतिमा स्थापना की उठी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** देश के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्थानों में अग्रणी रामपुर रजा पुस्तकालय में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र को ज्ञापन सौंपकर मुख्य प्रवेश द्वार स्थित अध्ययन कक्ष में विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती तथा दरबार हॉल में भारतीय कला एवं संस्कृति के प्रतीक भगवान नटराज की प्रतिमाएँ स्थापित किए जाने की मांग की। इस अवसर पर निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि रामपुर रजा पुस्तकालय की परिकल्पना नवाबों द्वारा बहुसांस्कृतिक, बहुभाषिक और समन्वयकारी दृष्टि के साथ की गई थी। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय सदैव सभी धर्मों, मतों और संस्कृतियों के सम्मान का केंद्र रहा



है तथा माँ सरस्वती एवं नटराज की प्रतिमाओं की स्थापना संस्थान की ज्ञान और सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप होगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि शुभ मुहूर्त निर्धारित कर प्रतिमाओं की स्थापना सुनिश्चित की जाएगी। ज्ञापन में कहा गया कि रामपुर रजा पुस्तकालय केवल दुर्लभ पांडुलिपियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों का संग्रह नहीं, बल्कि भारत की साझा संस्कृति और गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत प्रतीक है। माँ सरस्वती की प्रतिमा ज्ञान, विवेक और सांस्कृतिक समन्वय का संदेश देगी, जबकि नटराज की प्रतिमा भारतीय कला और सृजनशीलता का प्रतीक बनेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में भारतभूषण गुप्ता, श्रीश गुप्ता, डॉ. मुनीश चन्द्र शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, वीरेन्द्र गर्ग, सुनील कुमार गोयल, सुनील कुमार अग्रवाल तथा सीए आर.के. अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुरानी तहसील के सामने गंदगी का अंबार, व्यापारियों और राहगीरों में रोष

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के व्यस्त बाजार क्षेत्र पुरानी तहसील के सामने इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। कोतवाली के निकट कई दिनों से कूड़े का ढेर जमा है, लेकिन नगर पंचायत की ओर से अब तक सफाई की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यह रास्ता नगर के प्रमुख बाजारों में शामिल है, जहां सुबह से देर शाम तक लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद सफाई व्यवस्था पूरी तरह बदहाल नजर आ रही है। कूड़े से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण दुकानों पर बैठना मुश्किल हो गया है और ग्राहक भी प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि गंदगी की वजह से उनके व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि कई बार सफाई कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। गर्मी के मौसम में गंदगी



के कारण मच्छरों और बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है, जिससे लोगों में चिंता का माहौल है। राहगीरों ने भी नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्य बाजार क्षेत्र में इस तरह की स्थिति नगर की छवि खराब कर रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द से जल्द कूड़ा हटवाने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि बाजार क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और लोगों को राहत मिल सके।

